Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding age relaxation for Army/ Paramilatary for applicants.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): महोदय, धन्यवाद । पिछले लगभग दो साल से कोविड-19 महामारी ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था, जिसका असर आने वाले कई दशकों तक रहेगा । कोविड ने आम जीवन से लेकर अर्थव्यवस्था तक सबको हिलाकर रख दिया । दुनिया का हर सेक्टर इसकी चपेट में आया है । इसके कारण बेरोजगारी भी बढ़ी है । इसकी चपेट में डिफेंस सेक्टर खासकर आया है, पिछले तीन सालों में आर्मी, पैरामिलिट्री फोर्सेज की कोई भर्ती नहीं हुई है । इसकी वजह से लाखों की संख्या में देश का नौजवान ओवर ऐज हो चुका है ।

अब वे नौजवान, जो कई सालों से आर्मी और पैरा मिलिट्री फोर्सेस की तैयारी कर रहे थे, लेकिन ओवर ऐज होने की वजह से आर्मी और फोर्सेस की भर्तियों में भाग नहीं ले सकेंगे ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भिवानी-महेन्द्रगढ़ के भी हजारों प्रार्थी इसमें शामिल हैं, जो देश की सेवा हेतु सब काम छोड़ कर तैयारियों में जुटा हुए थे । लेकिन कोविड महामारी ने उन नौजवानों के सपनों पर पानी फेर दिया । मेरा आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी व रक्षा मंत्री जी से निवेदन है कि आर्मी और पैरा मिलिट्री फोर्सेस के लिए कोविड की वजह से ओवर ऐज प्रार्थियों को उम्र में कम से कम दो साल की छूट दी जाए ताकि उन नौजवानों की कई साल की मेहनत बेकार न जाए और इन नौजवानों को देश की सेवा का मौका मिल सके । धन्यवाद ।